प्रश्नपत्र संख्या
18 10 2

हिंदी विकास मंच द्वारा आयोजित

# राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड

**विद्यालय का नाम –** ..........................................................................................

**प्रतियोगी का नाम –** ............................................. ह॰ .............. **अनुक्रमांक –** ..............

**कुल समय: 1 घंटा** **कक्षा-10** **कुल अंक: 100**

**निर्देश:** 1) सभी प्रश्नों को ध्यान से पढ़कर सही विकल्प का गोला (●) ओ.एम.आर. (OMR) उत्तर-पत्रिका में भरिए।

2) एक उत्तर के लिए दो गोले भरने व गलत उत्तर देने पर नकारात्मक (-1) अंक दिए जाएँगे।

3) कुल प्रश्न 50 हैं। प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है।

4) किसी प्रश्न में कोई भी गोला नहीं भरने पर न तो अंक दिए जाएँगे न ही काटे जाएँगे।

**सभी प्रश्नों के उत्तर केवल ओ.एम.आर. (OMR) उत्तर-पत्रिका में ही भरने हैं। प्रश्न पत्र में नहीं।**

**प्रश्न 1. सही अनुनासिक शब्द बताइए–**

(क) हंस (ख) गाँव

(ग) ऊन (घ) अंधी

**प्रश्न 2. वर्णों का सार्थक समूह कहलाता है–**

(क) अक्षर (ख) वाक्य

(ग) शब्द (घ) पद

**प्रश्न 3. 'तीव्र' शब्द का वर्ण-विच्छेद है–**

(क) त् + ई + व् + र् + अ (ख) त + ई + व + र + अ

(ग) त् + इ + व + र् + अ (घ) त + इ + व + र + अ

**प्रश्न 4. 'श् + इ + क् + ष् + आ' का वर्ण संयोजन है–**

(क) शीक्षा (ख) शिक्षा

(ग) शिखा (घ) शिश्रा

**प्रश्न 5. वाक्य में रेखांकित पदबंध का भेद है– अध्यापक ने एक <u>छोटी-सी गाड़ी</u> खरीदी।**

(क) संज्ञा पदबंध (ख) सर्वनाम

(ग) विशेषण (घ) क्रिया

**प्रश्न 6. वाक्य में रेखांकित शब्द क्या है–**

**उसने लाल कपड़े पहन लिए।**

(क) संज्ञा (ख) सर्वनाम

(ग) क्रिया (घ) विशेषण

**प्रश्न 7. 'संन्यास' का संधि विच्छेद होगा–**

(क) सन् + न्यास (ख) सम् + न्यास

(ग) सा + न्यास (घ) सम् + यास

**प्रश्न 8. 'रजनी + ईश = रजनीश' किस संधि का उदाहरण है–**

(क) दीर्घ संधि (ख) गुण

(ग) वृद्धि (घ) यण

**प्रश्न 9. 'राजपुरुष' में समास होगा–**

(क) तत्पुरुष (ख) द्वंद्व

(ग) द्विगु (घ) कर्मधारय

**प्रश्न 10. समास के कितने भेद हैं–**

(क) दो (ख) चार

(ग) पाँच (घ) छः

**प्रश्न 11. 'चिकित्सक' शब्द का स्त्रीलिंग चुनिए–**

(क) चिकित्सका (ख) चिकित्सिका

(ग) चिकित्सा (घ) चिकत्सिका

**प्रश्न 12. 'गुणवती' शब्द का पुल्लिंग चुनिए–**

(क) गुणवत (ख) गुणवान

(ग) गुणमान (घ) गुणवन

**प्रश्न 13. 'वधू' शब्द का बहुवचन चुनिए–**

(क) वधुएँ (ख) वधूओं

(ग) वधूए (घ) वधूएँ

**प्रश्न 14. नीति में 'इक' प्रत्यय लगाने से बना शब्द है–**

(क) नैतिक (ख) नीतिक

(ग) नितिक (घ) निति

**प्रश्न 15. लूट में 'एरा' प्रत्यय लगकर शब्द बनेगा–**

(क) लूटेरा (ख) लुटेरा

(ग) लूटएरा (घ) लूटा

**प्रश्न 16. रमेश के स्कूल में प्रथम आते ही शुभकामनाओं की .........**

(क) लाइन लग गई (ख) झड़ी लग गई

(ग) बारिश हो गई (घ) बधाई पत्र आए

**प्रश्न 17. ......... की कोई बात नहीं, यह अपनी पुस्तक लो और चलते बनो–**

(क) चतुर बनने (ख) बरस पड़ने

(ग) अक्ल का दुश्मन बनने (घ) आग बबूला होने

**प्रश्न 18. इनमें से आगत शब्द है–**

(क) डाली (ख) अध्यापक

(ग) भवन (घ) डॉक्टर

**प्रश्न 19. शुद्ध वाक्य बताइए–**

(क) क्या यह सही है? (ख) क्या होता है सही?

(ग) क्या यह सही होता है? (घ) क्या सही यह होता है?

**प्रश्न 20. 'वह पहले खिलौने बेचा करता था' वाक्य भेद का सही विकल्प चुनिए–**

(क) सरल (ख) मिश्रित

(ग) संयुक्त (घ) विस्मयवाचक

**प्रश्न 21. 'दुर्बल' शब्द में उपसर्ग है–**

(क) दु (ख) दुर्

(ग) दुब (घ) दुर्ब

**प्रश्न 22. 'गोरा दुबला-पतला युवक है और रंगीन साफ़ा बाँधता है।' वाक्य भेद का सही विकल्प चुनिए–**

(क) संयुक्त (ख) सरल

(ग) मिश्रित (घ) वाक्य

**प्रश्न 23. 'सूर्य पूर्व में <u>उदय</u> और पश्चिम में ········· होता है।' रेखांकित शब्द का विलोम शब्द है–**

(क) अस्त (ख) डूबता

(ग) खत्म (घ) पूर्ण

**प्रश्न 24. अचानक आई संकट की स्थिति अर्थात–**

(क) संकटकाल (ख) मुसीबत

(ग) विपत्ति (घ) आपातस्थिति

**प्रश्न 25. दूसरों के प्रति दया भाव रखने वाला–**

(क) दीनबंधु (ख) दयालु

(ग) कृपालु (घ) कृतज्ञ

**प्रश्न 26. इनमें से तत्सम शब्द कौन-सा है?**

(क) उष्ट्र (ख) सिर

(ग) काम (घ) घर

**प्रश्न 27. इनमें से तद्भव शब्द नहीं है–**

(क) अग्नि (ख) हाथ

(ग) घर (घ) मुँह

**प्रश्न 28. 'सुहानी अपने मित्र <u>के लिए</u> टाफियाँ लाई।' उचित कारक भेद बताइए–**

(क) कर्ता (ख) कर्म

(ग) करण (घ) संप्रदान

**प्रश्न 29. '<u>तुषार</u> खिड़की से देख रहा है।' उचित कारक भेद बताइए–**

(क) करण (ख) कर्ता

(ग) कर्म (घ) अपादान

**प्रश्न 30. समुच्चय बोधक को कहते हैं–**

(क) योजक (ख) विच्छेद

(ग) तोड़क (घ) बोधक

**प्रश्न 31. क्रिया की विशेषता बताते हैं–**

(क) संबंधबोधक (ख) समुच्चयबोधक

(ग) क्रियाविशेषण (घ) विशेषण

**प्रश्न 32. स्त्री या पुरुष जाति का पता लगता है–**

(क) वचन से (ख) लिंग से

(ग) कारक से (घ) क्रिया से

**प्रश्न 33. संध्या और रात के बीच का समय–**

(क) शाम (ख) दिन

(ग) सूर्यास्त (घ) गोधूलि

**प्रश्न 34. जो थोड़ा जानता हो–**

(क) अल्पज्ञ (ख) आधिक्य

(ग) जन्मांध (घ) अनभिज्ञ

**प्रश्न 35. इनमें से 'आगत' शब्द है–**

(क) गृह (ख) फुटबॉल

(ग) मुकुट (घ) अध्यापक

**प्रश्न 36. 'ऋ' के उचित रूप वाला शब्द है–**

(क) कृपा (ख) रिषि

(ग) क्रम (घ) ड्रम

**प्रश्न 37. 'छात्र फुटबॉल खेल रहे हैं।' वाक्य में प्रयुक्त क्रिया का भेद बताइए–**

(क) अकर्मक (ख) सकर्मक

(ग) द्विकर्मक (घ) प्रेरणार्थक

**प्रश्न 38. 'बादल घिरने पर मोर नाचते हैं।' का संयुक्त वाक्य में रूपांतरण होगा–**

(क) बादल घिरते ही मोर नाचते हैं।

(ख) बादल घिरे और मोर नाचने लगे।

(ग) जब बदल घिरेंगे तब मोर नाचेंगे।

(घ) बादल को घिरता देखकर मोर नाचेंगे।

**प्रश्न 39. 'बरसात होने के बाद हरियाली फैल जाएगी।' का मिश्रवाक्य में रूपांतरण होगा–**

(क) बरसात होने से हरियाली फैल गई।

(ख) बरसात हुई और हरियाली फैल गई।

(ग) बरसात होने पर हरियाली फैल जाएगी।

(घ) जब बरसात होगी तब हरियाली फैल जाएगी।

**प्रश्न 40. 'माता पुत्र को दूध पिलाती है।' वाक्य में प्रयुक्त क्रिया का भेद बताइए–**

(क) प्रेरणार्थक

(ख) अकर्मक

(ग) सकर्मक

(घ) द्विकर्मक

**प्रश्न 41. शुद्ध वाक्य बताइए–**

(क) तुम इसका दाम देते जाओ।

(ख) तुम इसके दाम देते जाओ।

(ग) तुम दाम देते जाओ इसका।

(घ) तुम दाम देते जाना इसका।

**प्रश्न 42. पदबंध होता है–**

(क) सार्थक शब्दों का समूह

(ख) एक समान पदों का समूह

(ग) स्वर और व्यंजन का समूह

(घ) वाक्यों का समूह

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर में सही विकल्प का गोला भरिए-**

प्राकृतिक दृष्टि से हमारा देश भारत बहुत सुंदर है। हरी-भरी घाटियों, बाग-बगीचों और बर्फ से ढके पहाड़ों का प्रदेश तथा 'पृथ्वी पर स्वर्ग' कहलाने वाला कश्मीर भारत में ही है। गंगा-यमुना और कृष्णा-कावेरी नदियाँ अपने पवित्र जल से इसकी धरती को सींचती हैं। इसके उत्तर में बर्फ़ से ढकी हिमालय की चोटियाँ हैं। दक्षिणी भारत में विशाल हिंद महासागर अपने जल से इसके चरणों को धोता है। भारत के उत्तर में चीन, नेपाल और भूटान है, दक्षिण में श्रीलंका और मालदीव हैं, पूर्व में बाँग्लादेश और म्यांमार हैं तथा पश्चिम में पाकिस्तान है।

**प्रश्न 43. 'पृथ्वी का स्वर्ग' किसे और क्यों कहा गया है?**

(क) हिमालय को उसके प्राकृतिक सौंदर्य के कारण

(ख) भारत को कश्मीर के कारण

(ग) कश्मीर को उसके प्राकृतिक सौंदर्य के कारण

(घ) हिमालय की चोटियों को बर्फ़

**प्रश्न 44. हिमालय की चोटियों की क्या विशेषता है?**

(क) ये पृथ्वी का स्वर्ग है।

(ख) देश की सभी नदियाँ इनसे निकलती हैं।

(ग) ये बर्फ से ढकी हैं।

(घ) ये कश्मीर के निकट हैं।

**प्रश्न 45. ...................... में श्रीलंका और मालदीव भारत के पड़ोसी हैं।**

(क) पूर्व (ख) पश्चिम

(ग) उत्तर (घ) दक्षिण

**प्रश्न 46. इस गद्यांश का उचित शीर्षक है–**

(क) हमारा भारत देश

(ख) पर्वतराज हिमालय

(ग) धरती का स्वर्ग

(घ) भारत की नदियाँ

**पद्यांश के आधार पर दिए गए प्रश्नों के उत्तरों के लिए सही विकल्प का गोला भरिए–**

न सीमा का हमारे देश ने विस्तार चाहा है।
किसी के स्वर्ण पर हमने नहीं अधिकार चाहा है।
मगर इक बात कहने में न चूके हैं, न चूकेंगे
लहू देंगे मगर हम देश की मिट्टी नहीं देंगे।

किसी लोलुप नज़र ने यदि हमारी भूमि को देखा
उठेगी जल प्रलय की आग जिस पर क्षार सोई है।
न यह समझो कि हिंदुस्तान की तलवार सोई है।
खदेड़ देंगे यहाँ से ग़र कोई आएगा।
भारत का हर सिपाही मरने से न घबराएगा।

**प्रश्न 47. भारतवासी किस अवगुण से दूर रहे?**

(क) निराशा
(ख) लालच
(ग) अज्ञान
(घ) असत्य

**प्रश्न 48. 'लहू देंगे मिट्टी नहीं देंगे' से क्या तात्पर्य है?**

(क) मरकर भी लालच नहीं करेंगे
(ख) खून दे देंगे पर धन नहीं देंगे
(ग) मरकर भी देश को गुलाम नहीं होने देंगे
(घ) देश की मिट्टी नहीं देंगे

**प्रश्न 49. 'लोलुप नज़र' में 'लोलुप' शब्द व्याकरण की दृष्टि से क्या है?**

(क) संज्ञा
(ख) विशेषण
(ग) सर्वनाम
(घ) क्रिया

**प्रश्न 50. काव्यांश में भारत के सिपाही की क्या विशेषता बताई गई है?**

(क) वह सीमा का विस्तार चाहता है।
(ख) वह बात कहने में नहीं चूकता है।
(ग) उस पर क्षार सोई है।
(घ) वह बलिदान के लिए तत्पर रहता है।